>

Title: Need to rename the railway stations named after former British rulers.

श्री हर्ष वर्धन (महाराजगंज, उ.प्र.): स्वतंत्रता के छह दशक से अधिक समय के पश्चात भी देश में कतिपय रेलवे स्टेशनों का नाम आज भी स्वतंत्रता पूर्व के अंग्रेज शासकों के नाम पर हैं।

यह परिस्थिति राष्ट्रीय स्वाभिमान के सर्वथा विपरीत है। इन प्रतीकों को हटाने के क्रम में वर्तमान इंडिया गेट से जॉर्ज पंचम की मूर्ति हटाने के साथ ही देश में 60 के दशक में अनेकों प्रतीकों को हटाया गया था।

रेलवे स्टेशनों का अंग्रेज शासकों के नाम पर आज भी बना रहना राष्ट्रीय स्वाभिमान के विपरीत है। इस संबंध में रेल मंत्रालय का कथन है कि स्टेशनों का नाम परिवर्तन हेतु गृह मंत्रालय का प्रस्ताव होना चाहिए।

अस्तु, मेरी केन्द्रीय गृह मंत्री से मांग है कि अंग्रेज शासकों के नाम पर चलते आ रहे रेलवे स्टेशनों का विवरण सभी संसद सदस्यों सहित राज्यों के मुख्यमंत्रियों से प्राप्त कर उनके स्थान पर संबंधित क्षेत्र के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, विशिष्ट राजनेता अथवा समाजसेवी के नाम पर रखे जाने हेतु विवरण भी प्राप्त करने के उपरांत आवश्यक कार्यवाही करते हुए रेल मंत्रालय को तत्संबंधी प्रस्ताव भेज कर अगले गणतंत्र दिवस 26 जनवरी, 2011 तक इसे क्रियान्वित करें।